Regarding problems faced by Soyabean farmers in Nanded Parliamentary Constituency

श्री रविन्द्र वसंतराव चव्हाण (नांदेड़) : महोदया, मैं सरकार का ध्यान अपने क्षेत्र की तिलहन और सोयाबीन के किसानों की समस्या की ओर आकर्षित करना चाहता हूं । सरकार ने एनसीडीईएक्स पर सोयाबीन वायदा कारोबार पर नवंबर, 2021 में रोक लगा दी । इसके कारण किसान असहाय हो गए । भाव का बेंचमार्क नहीं होने के कारण किसानों को कटाई के समय अपनी उपज के वायदा भाव का पता नहीं चल पाता है । वे मंडी के व्यापारियों पर ही निर्भर रहते हैं । इससे मोल-भाव करने की उनकी क्षमता बहुत कम हो गई है ।

मैं सरकार से यह मांग करता हूं कि सरकार एनसीडीईएक्स पर तिलहन और सोयाबीन के वायदा कारोबार पर लगी रोक को तुरन्त हटाने की कृपा करे ।